हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 अगस्त 2026
[बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर]

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 जिले में उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां ...

11 बीजापुर में शान से लहराया तिरंगा

महादेव घाट से लिंगेश्वर मंदिर तक गूंजे भोलेनाथ के जयकारे
इंद्रावती से जल लेकर सैकड़ों कांवड़ियों ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सावन के तीसरे सोमवार को शहर के आसपास का क्षेत्र शिवभक्ति से सराबोर नजर आया। सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में सोमवार को सैकडों कांवड़िए महादेव घाट पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने इंद्रावती नदी से पवित्र जल भरा और कांवड़ यात्रा के रूप में रामपाल स्थित प्राचीन लिंगेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुए। इस दौरान पूरा मार्ग भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंजता रहा। हरि साहू, कुमार जयदेव और रामपाल मंदिर के प्रधान सेवक कैलाश ठाकुर के नेतृत्व में निकली कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। सावन सोमवार के चलते पूरे मार्ग में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

रामपाल स्थित लिंगेश्वर मंदिर पहुंचने के बाद कांवड़ियों ने इंद्रावती नदी से लाए गए पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में भी दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। बताया गया कि लगातार चौथे वर्ष कांवड़ यात्रा निकली है।

कुमार जयदेव सहित शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

ऐतिहासिक महादेव मंदिर में सुकमा जमिंदार कुमार जयदेव सहित श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना की। इस अवसर पर महादेव के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। रामपाल लिंगेश्वर मंदिर से पधारें कांवड़ यात्री जलाभिषेक के लिए जल लेकर रामपाल लिंगेश्वर बाबा के लिए रवाना हुए। कुमार जयदेव ने कहा कि महादेव मंदिर बस्तर की धार्मिक,सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बस्तर की ऐतिहासिक धरोहरों में प्रमुख स्थान रखता है। इस अवसर पर दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी प्रेम पाढी मावली मंदिर के पुजारी अनिल सिकन्दर ठाकुर, रविन्द्र दास, प्रकाश रावल, असीम दास, राकेश दास, मनोज जंगम, विवेक जैन सहित महिलाएं भी शामिल रहे।

महादेव घाट से निकली कांवड़ यात्रा सिद्धेश्वर गणपति शिवालय में किया जलाभिषेक

सावन सोमवार के पावन अवसर पर शौंडिक समाज की महादेव घाट से कांवड़ यात्रा निकली। सुबह श्रद्धालु महादेव घाट पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर इंद्रावती नदी से कांवड़ में पवित्र जल भरा। इसके बाद भगवान शिव का जयघोष करते हुए कांवड़िए कंगोली स्थित सिद्धेश्वर गणपति शिवालय के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कांवड़ यात्रा के सिद्धेश्वर गणपति शिवालय पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पवित्र जल से अभिषेक किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सावन सोमवार के अवसर पर जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए।

सावन सोमवार पर दलपत सागर के बीच शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था

सावन सोमवार के अवसर पर सांसद महेश कश्यप सपरिवार दलपत सागर स्थित शिव मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सांसद की पत्नी, बच्चे और रिश्तेदार एक मोटर बोट में सवार होकर मंदिर पहुंचे, जबकि सांसद अपने समर्थकों के साथ दूसरी बोट से मंदिर पहुंचे। मंदिर तक पहुंचने के लिए प्रत्येक सावन सोमवार को आम श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क मोटर बोट की व्यवस्था की गई है। इस पहल से श्रद्धालुओं को दलपत सागर के बीच स्थित शिव मंदिर तक आसानी से पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है।

■ मोटर बोट से श्रद्धालुओं ने किया शिव दर्शन

श्रद्धालुओं के लिए बोट सेवा सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहती है। बताया गया कि श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचाने के लिए इस्तेमाल की जा रही मोटर बोट नगर निगम की है। वहीं बोट संचालन में लगने वाले पेट्रोल, लाइफ जैकेट और अन्य आवश्यक खर्च का भुगतान सांसद द्वारा किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बोट में लाइफ जैकेट की व्यवस्था भी रखी गई है। निःशुल्क बोट सेवा के चलते सावन सोमवार को दलपत सागर स्थित शिव मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवागमन की सुविधा आसान हुई है। सांसद के सहयोग से संचालित इस व्यवस्था को श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक आस्था से जुड़ी सुविधा के रूप में देखा जा रहा है।

खबर संक्षेप

स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम में महापौर ने किया ध्वजारोहण

जगदलपुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर निगम परिसर में महापौर संजय पांडे ने राष्ट्रध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की गरिमामयी शुरुआत की। ध्वजारोहण के दौरान राष्ट्रगान के साथ पूरा परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्यगण, समस्त पार्षदगण तथा नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रध्वज को नमन करते हुए देश की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया। महापौर ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है।

बाढ़ आपदा प्रबंधन पर छोटे पुल पर मॉक ड्रिल 20 को

जगदलपुर। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने एवं आम नागरिकों को बाढ़ आपदा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन 20 अगस्त को इंद्रावती नदी छोटा पुल में किया जाएगा। मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए अपर कलेक्टर सीपी बघेल को प्रभारी बनाया गया है। साथ ही सभी राजस्व अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं । मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा आपदा की स्थिति में राहत, बचाव एवं समन्वय से संबंधित तैयारियों का अभ्यास किया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह केवल एक प्रशिक्षण एवं अभ्यास प्रक्रिया है।

आईटीआई बस्तर एवं बकावंड में प्रवेश का अंतिम अवसर आज

जगदलपुर। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बस्तर एवं बकावंड में विभिन्न ट्रेडों में ऑनलाइन प्रवेश 16 से 18 अगस्त तक विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक ट्रेडों में ऑनलाइन प्रवेश की घोषणा की गई है। अभ्यर्थी 18 अगस्त तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कांवड़ियों के चरण पखारकर महापौर ने जताई आस्था

जगदलपुर। सावन मास के पावन अवसर पर सोमवार को रामपाल मंदिर की ओर निकली कांवड़ यात्रा के दौरान गोरिया बहार नाला के समीप श्रद्धा और सेवा की अनूठी तस्वीर देखने को मिली। महापौर संजय पांडे ने यहां पहुंचकर कांवड़ियों का स्वागत किया और उनके चरण पखारकर सेवा की। उन्होंने कांवड़ियों से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र और बस्तरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। कांवड़ियों के चरण धोने और उनकी सेवा करने के दौरान धार्मिक आस्था से ओतप्रोत माहौल नजर आया। महापौर के इस सेवा भाव ने यात्रा में शामिल कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का भी ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन , निर्मल पाणिग्रही ,लक्ष्मण झा सहित श्याम सुंदर बघेल,सैलीन जैदू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बस्तर में बादल छाए रहने के साथ बारिश के आसार

जगदलपुर। बस्तर जिले में सोमवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहने के साथ कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश या बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम पूर्वानुमान के ⏭ शेष पेज 10 पर

संगठन की मजबूती के लिए सक्रियता के साथ करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नानगुर की मासिक बैठक शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य की अध्यक्षता, पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष फूलसिंह बघेल की अगुवाई में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ साथ आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी की गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। संगठन की मजबूती के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने तथा आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया गया। साथ ही बिजली बिल बढ़ोत्तरी, स्मार्ट मीटर व 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर आगामी दिनों में व्यापक जनांदोलन चलाने की रणनीति पर चर्चा की गई। मौर्य ने कहा कि कांग्रेस का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और सक्रिय भागीदारी से मजबूत होता है। आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें और जनता के बीच कांग्रेस की विचारधारा एवं जनहित के मुद्दों को मजबूती से रखें। जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा आम जनता के हितों और अधिकारों की आवाज बुलंद करती रही है। वर्तमान परिस्थितियों में संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटने और संगठन के प्रत्येक स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बघेल ने बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे।

■ मासिक बैठक में जनांदोलन को लेकर बनी रणनीति

ये रहे मौजूद : इस दौरान नीलूराम बघेल, विजय सिंह,नीतिश शर्मा, प्रशांत जैन,हीरालाल ध्रुव, राजेश कश्यप,वीरलेख बघेल,हरिहर सेठिया, विनोद सेठिया, लोकेश सेठिया, मोहन पटेल, राजकुमार सेठिया, जगदीश चलाकि,कमलू चलकी, सुंदरलाल सेठिया,जगन्नाथ बघेल, गणेश सेठिया, प्रदीप सेठिया सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

चेन्नई पीआईबी टीम को माओवादमुक्त बस्तर में विकास और नवाचार की दी जानकारी

जगदलपुर। पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर में सोमवार को चेन्नई पीआईबी की मीडिया टीम को बस्तर संभाग में माओवाद मुक्त वातावरण के साथ हो रहे विकास कार्यों और नवोन्मेषी प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी बीएन मीणा, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा एवं सीईओ जिला पंचायत तन्मय खन्ना उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से बस्तर संभाग में सुरक्षा के साथ विकास को गति देने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी साझा की। प्रस्तुति में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों, शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, शिक्षा, अधोसंरचना, रोजगार एवं पुनर्वास सहित क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और सकारात्मक बदलावों को रेखांकित किया गया। चेन्नई की मीडिया टीम ने बस्तर प्रवास के दौरान प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चित्रकोट जलप्रपात का भ्रमण किया और बस्तर की प्राकृतिक एवं पर्यटन संपदा से परिचित हुई। इसके बाद टीम ने पण्डूम कैफे पहुंचकर पुनर्वासित लोगों से संवाद किया। इस दौरान पुनर्वास के बाद उनके जीवन में आए बदलावों, स्वरोजगार और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के अनुभवों पर चर्चा की गई। मीडिया टीम ने एकलव्य ⏭ शेष पेज 10 पर

नशीली टेबलेट लेकर ग्राहक तलाश रहा पंजाब का तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सूखे नशे की छोटी सी छोटी मात्रा की बिक्री व तस्करी पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी के तहत अवैध नशीली टेबलेट बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहे हुए पंजाब प्रांत के आरोपी को इन्द्रावती नदी के पुराने पुल से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

नशे के खिलाफ कार्रवाई करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी की एक व्यक्ति इंद्रावती पुराने पुल के पास बिना नम्बर के मोटर सायकल लेकर नशीली टेबलेट बिक्री करने खड़ा हैं। मौके पर पहुंचकर टीम ने घेराबंदी कर एक व्यक्ति पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मंगल सिंह 40 वर्ष निवासी ग्राम टोंग पोस्ट आफिस राया थाना ब्यास जिला अमृतसर पंजाब का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से 285 नग टेबलेट व बिना नम्बर की बाईक बरामद किया गया। बरामद नशीली टेबलेट व बाईक की अनुमानित कीमत 50 हजार रूपए आंकी गई है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ 21 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विशेष न्यायालय एनडीपीएस में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

■ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, भेजा गया जेल

इनकी रही अहम भूमिका

नशे के खिलाफ कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजने में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, एएसआई भुनेश्वर पांडे, प्रमोद सिन्हा, परिमल दास, दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, सुनील मनहर, आरक्षक रंग लाल, तामेश्वर चंद्राकर, बलराम व युवराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुराना बस स्टैंड से संजय मार्केट तक हादसे की बनी रहती है आशंका
कांजी हाउस खाली, सड़कों पर गौवंशों ने जमावड़ा लगाकर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के प्रमुख सड़कों और चौक-चौराहों पर गौवंश का जमावड़ा लोगों के लिए परेशानी के साथ-साथ दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है। पुराना बस स्टैंड, कुम्हारपारा , संजय मार्केट, अनुपमा चौक, नया बस स्टैंड और शहीद पार्क समेत कई व्यस्त इलाकों में मवेशी सड़कों पर बैठे और घूमते नजर आ रहे हैं। तेज रफ्तार वाहनों के बीच अचानक सड़क पर आने वाले गौवंश से हादसे का खतरा बना रहता है। गीदम रोड के परपा क्षेत्र में नगर निगम का कांजी हाउस होने के बावजूद वर्तमान में यहां एक भी मवेशी नहीं है। कांजी हाउस के संचालन और रखरखाव के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण इसका नियमित संचालन शुरू नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि पुराने दर पर टेंडर होने और बढ़ी हुई लागत के कारण किसी ठेकेदार ने संचालन में रुचि नहीं दिखाई है।

नगर निगम जल्द करेगा री-टेंडर

बढ़ी लागत के बीच पुराने रेट पर टेंडर चुनौती

कांजी हाउस के संचालन में चारा, खली-चुनी, घास, पानी, श्रमिकों की मजदूरी और रखरखाव सहित कई खर्च शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में इनकी लागत बढ़ने के कारण पुराने दर पर कांजी हाउस संचालित करना मुश्किल माना जा रहा है। यही वजह है कि निगम को अब दोबारा टेंडर प्रक्रिया की ओर जाना पड़ रहा है।

जल्द होगा री-टेंडर : राणा

पार्षद संग्राम सिंह राणा ने बताया कि कांजी हाउस के लिए री-टेंडर की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही दोबारा टेंडर किया जाएगा। इसके बाद कांजी हाउस का संचालन शुरू होने पर सड़क पर घूमने वाले गौवंश पर रोक लगाने की व्यवस्था की जाएगी ।फिलहाल कांजी हाउस खाली है और शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में गौवंश नजर आ रहे है। इससे यातायात प्रभावित होने के साथ वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। रात के समय सड़क पर बैठे मवेशी से दुर्घटना का खतरा बना रहता हैं।

पिछले संचालन पर भी उठे सवाल

गौसेवक दीपक पनपालीया के अनुसार पिछले वर्ष कम दर पर कांजी हाउस का संचालन किया गया था। उनका आरोप है कि पर्याप्त चारा और रखरखाव की व्यवस्था नहीं होने के कारण उस दौरान कुछ गायों की मौत भी हुई थी। उनका कहना है कि इस बार बढ़ी लागत के चलते पुराने रेट पर कांजी हाउस संचालित करने के लिए कोई तैयार नहीं है। कुरंदी में जनसहयोग से गौशाला संचालित की जा रही है। यहां चोटिल और बीमार गौवंश को एंबुलेंस के माध्यम से लाकर उपचार और सेवा की जाती है। दीपक पनपालिया के अनुसार गौशाला में वर्तमान में 200 से अधिक गौवंश हैं और व्यवस्था जनसहयोग से संचालित हो रही है।

अटल सदैव कार्यकर्ताओं के रहे प्रेरणा स्त्रोत : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने लालबाग स्थित अटल परिसर में प्रतिमा में माल्यार्पण किया व श्रद्धा सुमन अर्पित किये। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र के लिये समर्पित था। पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के नापाक इरादों को कुचल कर भारतीय सेना का शौर्य और विजय अटल निश्चय को बतलाया है। भाजपा को गढ़ने व संगठन को सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाने में अमर ⏭ शेष पेज 10 पर

■ पुण्यतिथि पर किया गया याद दी श्रद्धांजलि

कभी गूंजती थीं जहां बंदूकें, अब वहां गूंज रहा 'वंदे मातरम', भारतमाता की जय

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम उमरादाह में देशभक्ति का ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। जिस क्षेत्र में कभी बंदूकों की आवाज और भय का माहौल लोगों की जिंदगी का हिस्सा हुआ करता था, आज उसी धरती पर तिरंगा शान से लहराया और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित समारोह में ग्रामीणों, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विधिवत ध्वजारोहण के साथ ही सभी ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया। इसके बाद 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयघोष से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। ग्रामीणों का मानना है कि क्षेत्र में शांति और विकास का वातावरण मजबूत होना आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य का रास्ता तैयार करेगा। शिक्षा, रोजगार, बुनियादी सुविधाओं और विकास की दिशा में आगे बढ़ते क्षेत्र में ऐसे आयोजन लोगों के बीच नई उम्मीद और उत्साह पैदा करते हैं। उमरादाह में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लहराता तिरंगा और गूंजते राष्ट्रभक्ति के नारे इस बात का संदेश देते नजर आए कि जहां कभी बंदूकों की आवाज सुनाई देती थी, वहां अब देशभक्ति की आवाज बुलंद हो रही है।

उमरादाह में शान से लहराया तिरंगा, स्वतंत्रता दिवस पर दिखी देशभक्ति की तस्वीर

बदली तस्वीर, बदला माहौल

उमरादाह का यह आयोजन केवल स्वतंत्रता दिवस का सामान्य कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि क्षेत्र में बदलते माहौल और लोगों के भीतर बढ़ते आत्मविश्वास की तस्वीर भी सामने लेकर आया। कभी जिन इलाकों में हिंसा और भय की चर्चाएं होती थीं, वहां आज बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ उत्साह मनाते नजर आए। ग्रामीणों ने कहा कि तिरंगे के नीचे एकजुट होकर स्वतंत्रता दिवस मनाना गर्व का विषय है। देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए लोगों ने उनके योगदान को नमन किया।

तिरंगे के नीचे एकजुट हुआ गांव

समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। राष्ट्रध्वज के सम्मान में सभी ने एकजुट होकर देश की अखंडता, शांति, भाईचारे और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उमरादाह में स्वतंत्रता दिवस का यह दृश्य क्षेत्र के लिए खास संदेश लेकर आया। बंदूकों की आवाज की जगह जब 'वंदे मातरम' और भारतमाता की जय का जयघोष सुनाई दिया और भय की जगह तिरंगा लहराता नजर आया, तो यह बदलते दौर की एक भावुक और प्रेरणादायक तस्वीर बन गई।

खबर संक्षेप

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर त्रासदी पीड़ितों को श्रद्धांजलि

कोण्डागांव। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले तथा विस्थापन का दंश झेलने वाले लाखों लोगों के संघर्ष और बलिदान को स्मरण करना रहा। विद्यालय के प्राचार्य राजेश पांडेय के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी ने विभाजन विभीषिका के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों को इतिहास के इस दर्दनाक अध्याय की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी ने देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभिन्न जागरूकता गतिविधियों में सहभागिता की। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं विचारों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर विभाजन की त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों एवं पीड़ित परिवारों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं, एनएसएस स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में इतिहास की समझ, राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

जिले में उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

सांसद भोजराज नाग ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित विकास नगर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कांकेर सांसद भोजराज नाग ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के साथ परेड का निरीक्षण किया।

मुख्य अतिथि सांसद श्री नाग ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेशवासियों के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को नमन किया। समारोह में शांति, उल्लास और स्वतंत्रता के प्रतीक रंग–बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। मुख्य अतिथि ने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी एवं परेड टू आईसी निरीक्षक रितेश मिश्रा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, बस्तर फाइटर पुरुष एवं महिला, नगर सेना, एनसीसी, एनएसएस तथा स्काउट–गाइड की टुकड़ियों ने अनुशासन और देशसेवा की भावना के साथ शानदार मार्चपास्ट किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अधिकारी–कर्मचारियों को मुख्य अतिथि सांसद श्री नाग द्वारा प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में स्कूली छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने बस्तर की समृद्ध लोककला एवं संस्कृति के साथ देश के विभिन्न राज्यों की लोक परंपराओं और नृत्यों को मंच पर जीवंत किया। मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों में देशभक्ति और उत्साह का संचार किया।

जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद

समारोह में पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हिरासिंह मरकाम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

जिला कार्यालय परिसर में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

कोण्डागांव। स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ और उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी को देश की प्रगति और जनसेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी तथा स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जिला न्यायालय में हुआ ध्वजारोहण

कोण्डागांव। स्वतंत्रता दिवस पर जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव एवं परिवार न्यायालय में देशभक्ति और उत्साह के साथ 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी ने ध्वजारोहण किया। परिवार न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा तथा किशोर

न्याय बोर्ड में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद न्यायिक अधिकारियों, न्यायालयीन कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का गायन किया। पूरे न्यायालय परिसर में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का वातावरण बना रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। न्यायालयीन अधिकारी–कर्मचारियों, स्कूली बच्चों एवं अन्य प्रतिभागियों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम, एकता और देश के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता हमारे अधिकारों के साथ देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की जिम्मेदारी भी देती है। कार्यक्रम के अंत में स्कूली बच्चों को उनके उत्साह एवं सहभागिता के लिए प्रशस्ति प्रमाण–पत्र एवं सम्मान चिन्ह प्रदान किए गए। जिला न्यायाधीश ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

हिरवा दाल, धान, चावल और बांस से बनी आकर्षक राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से लखपति दीदी पहल के तहत भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा राखी निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद बिहान समूह की महिलाएं अब अपने गांव में राखियां तैयार कर उनकी बिक्री करेंगी। छह दिवसीय राखी निर्माण प्रशिक्षण में बिहान समूह से जुड़ी 25 महिलाओं ने भाग लिया। आरसेटी की श्रीमती सालनी देवांगन ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग कर आकर्षक और बाजार में बिक्री योग्य राखियां तैयार करने की जानकारी दी गई। खैरागढ़ से आई प्रशिक्षक श्रीमती राजेश्वरी अग्रवाल ने महिलाओं को धान, चावल, दाल, बांस सहित अन्य सामग्रियों से राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने हिरवा दाल का रचनात्मक उपयोग करते हुए आकर्षक राखियां तैयार कीं। सामान्य रूप से खाद्य सामग्री के रूप में इस्तेमाल होने वाली दाल से राखियां बनाकर महिलाओं ने स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग का उदाहरण प्रस्तुत किया। धान, चावल, दाल और बांस जैसी स्थानीय सामग्रियों से तैयार राखियां आकर्षक होने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती हैं। महिलाओं को राखियों की डिजाइन, सजावट, सामग्री का संयोजन और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं द्वारा तैयार राखियों की बिक्री के लिए मंगलवार को जिला कार्यालय परिसर में बिक्री स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में बिहान समूह की महिलाओं द्वारा तैयार विभिन्न प्रकार की राखियां प्रदर्शित की गईं। अधिकारी–कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं के उत्पादों को प्रोत्साहित किया।

कोटपाड़ में विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी

कोण्डागांव। बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ अपने अधिकारों एवं कानून की जानकारी देने के उद्देश्य से 10 अगस्त को शासकीय हाई स्कूल कोटपाड़ में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अधिकार मित्र रूकेश कुमार एवं पुलिस विभाग ने विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। शिविर में विद्यार्थियों को बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल अपराध, शिक्षा का अधिकार, गुड टच–बैड टच तथा बच्चों के संरक्षण से जुड़े कानूनों की सरल भाषा में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा या अपराध के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस विभाग ने बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया। अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, निजी जानकारी एवं पासवर्ड साझा नहीं करने तथा ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की समझाइश दी गई। अधिकार मित्र रूकेश कुमार ने विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया।

नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी, मॉनिटरिंग सेल, नेशनल लोक अदालत एवं हिट एंड रन से संबंधित विषयों पर मध्यस्थता कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में लंबे समय से विचाराधीन बंदियों के मामलों की समीक्षा की गई। ऐसे बंदियों पर विशेष चर्चा हुई, जिन्हें जमानत मिल चुकी है लेकिन वे जमानत की शर्तें पूरी नहीं कर पा रहे हैं अथवा जो अपनी अधिकतम संभावित सजा की अवधि के अनुपात में पर्याप्त समय जेल में बिता चुके हैं। पात्र मामलों में त्वरित कार्रवाई कर नियमानुसार राहत प्रदान करने के निर्देश दिए गए। मॉनिटरिंग सेल की बैठक में नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के निर्माण कार्य की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कलेक्टर को निर्माण कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कलेक्टर को राजस्व विभाग से संबंधित अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण लोक अदालत में प्रस्तुत कर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हिट एंड रन के मामलों में अज्ञात वाहनों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में मृत एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के परिजनों को क्षतिपूर्ति दिलाने की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय, डीएसपी नरेंद्र पुजारी, लोक अभियोजन अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ओवरस्पीड और ओवरटेकिंग पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

कोण्डागांव। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने ओवरस्पीड और खतरनाक तरीके से ओवरटेकिंग करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमित जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सड़क दुर्घटनाओं की एक वजह बनने वाले घुमंतू पशुओं को सड़कों से हटाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

पेज 9 के शेष

चेन्नई पीआईबी ...

विद्यालय का भी भ्रमण किया और विद्यार्थियों से संवाद किया। विद्यार्थियों से बस्तर में शिक्षा के बदलते स्वरूप, उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं और उनके भविष्य के लक्ष्यों के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान टीम ने बस्तर में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों और युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी भी प्राप्त की। चेन्नई पीआईबी के निदेशक पी. अरुण कुमार के नेतृत्व में बस्तर संभाग के अध्ययन भ्रमण पर आयी मीडिया टीम ने बस्तर में सुरक्षा, विकास, शिक्षा, पुनर्वास और पर्यटन के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों को करीब से जाना और विभिन्न नवोन्मेषी प्रयासों की जानकारी प्राप्त की।

बस्तर में बादल छाए ....

अनुसार जिले में करीब 10 मिमी तक बारिश होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ अविनाश यदु के अनुसार जगदलपुर में दिन का अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। बारिश और बादलों के कारण मौसम सुहाना बना रह सकता है। मौसम में नमी का स्तर 82 से 92 प्रतिशत तक रहने की संभावना है। वहीं पश्चिम दिशा से 12 से 18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। दिन के दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ बौछारों का दौर जारी रहने के आसार हैं।

अटल सदैव कार्यकर्ताओं ....

योगदान है। ऐसे महामानव के जीवन मूल्यों को भाजपा के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ता आत्मसात करें। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि प्रखर राष्ट्रभक्त व कवि अटल को अजातशत्रु की उपमा भी दी जाती है। राजनीतिक जीवन में उनका कोई शत्रु नहीं था। अटल जी हमारे छत्तीसगढ प्रदेश के निर्माता हैं। उनका जीवन , उनके कार्य, उनके उच्च राजनीतिक मापदण्ड, कार्यकर्ताओं के लिये सदैव प्रेरणास्रोत हैं।

ये रहे उपस्थित : श्रद्धाजंलि कार्यक्रम में पूर्व विधायक संतोष बाफना, महापौर संजय पाण्डेय, कमलचंद्र भंजदेव, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, रामाश्रय सिंह,आर्येंद्र सिंह आर्य, रजनीश पाणिग्रही,परीस राम बेसरा, नरसिंह राव, सफीरा साहू, रंजीत पाण्डेय, सुब्रतो विश्वास, मनोहर तिवारी,राजेंद्र बाजपेयी,आलोक अवस्थी, रोहित त्रिवेदी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, संग्राम सिंह राणा, निर्मल पाणिग्रही, संजय विश्वकर्मा, राजेश श्रीवास्तव, संतोष त्रिपाठी, राजपाल कसेर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

कोण्डागांव। सावन के तीसरे सोमवार को इस वर्ष नागपंचमी का पावन संयोग होने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक कर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। सावन सोमवार और नागपंचमी के एक साथ पड़ने से मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भक्तों ने भगवान शिव का पूजन कर सुख–समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। नागपंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने नाग देवता की पूजा–अर्चना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार नाग देवता की आराधना कर परिवार की सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। मंदिरों में पूजा–अर्चना के दौरान 'हर–हर महादेव' और भगवान शिव के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ भगवान शिव एवं नाग देवता की आराधना की।

AFFIDAVIT OF NAME CHANGE

I, **RUBESH KUMAR SINGH**, Son of **NIRBHAY SINGH**, Sinchai colony geedam, p.o-geedam, dist- Dantewada chhattisgarh-494441, do here by declare:-

1. That I have change my name from **RUBESH KUMAR SINGH to RUPESH KUMAR SINGH.**
2. That I am a citizen of India.
3. That it is my true and correct statement.

DEPONENT

VERIFICATION

Verified at State of Chhattisgarh (INDIA) on this 17/08/2026 that the contents of the above affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief.

RUBESH KUMAR SINGH
DEPONENT

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

बीजापुर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर विश्वदीप ने 15 अगस्त को कलेक्टर निवास में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, संयुक्त कलेक्टर उत्तम पंचारी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर निवास में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

श्रेष्ठ अंक प्राप्त विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

भानपुरी। ग्राम पंचायत कुंगारपाल में 80 वां स्वतंत्रता दिवस को ग्रामवासियों ने धूमधाम से मनाया। प्रातः 7 बजे से प्रभात फेरी सहित ग्राम पंचायत भवन, औषधालय एवं समस्त विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। शाउमावि कुंगारपाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण किया गया, इसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शिक्षा सत्र 2025-26 के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को 10,000 रुपये नगद पुरस्कार, सरपंच रमेश कश्यप, उपसरपंच लेबोराम मौर्य, एसएमसी अध्यक्ष गणेश सेटिया समेत समस्त पंचगण एवं गांव के गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रदान किया गया। संस्था के प्राचार्य जीपीओ ध्रुव एवं समस्त शिक्षक गण द्वारा बताया गया कि पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में खेती मौर्य, नलिमा बघेल कक्षा 12वीं एवं जागेश्वर, महेश्वरी, टीकेश्वरी, प्रतिज्ञा, निलम, दीक्षिता कक्षा 10वीं के कुल 8 विद्यार्थी शामिल हैं।

सांसद महेश ने किया ध्वजारोहण

बीजापुर में शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

नक्सल मुक्त बीजापुर के पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में आजादी का महापर्व 80वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह मिनी स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्र गीत

■ गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ और हर्ष के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। मुख्य अतिथि महेश कश्यप ने समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र निर्माण में सभी की भागीदारी

और जिले के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में नक्सल उन्मूलन अभियान में शहीद हुए वीर जवानों के परिजनों को मुख्य अतिथि महेश कश्यप ने शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शहीद जवानों के बलिदान को नमन करते हुए उनके परिजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। जिले में अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें पुलिस जवानों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विभिन्न विभागीय गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। सम्मान समारोह के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में आयोजित परेड एवं मार्च पास्ट में प्रतिभागी दलों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में बस्तर फाइटर महिला ने प्रथम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल बीजापुर ने द्वितीय तथा डीआरजी जिला पुलिस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर असैन्य वर्ग के मार्च पास्ट में एनसीसी ने प्रथम, एनएसएस ने द्वितीय तथा गाइड ने तृतीय स्थान हासिल किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बीजापुर ने प्रथम स्थान, एकलव्य आदर्श विद्यालय बीजापुर ने द्वितीय तथा कन्या रेसिडेंशियल पोटा केबिन बीजापुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप, कलेक्टर विश्वदीप एवं पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर विजेताओं के साथ सामूहिक फोटोग्राफी भी कराई गई। समारोह में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी सहित जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, नगरपालिका के पार्षदगण, डीएफओ डॉ. जाधव सागर, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा, एडिशनल एसपी अमन कुमार झा, एडिशनल एसपी रविन्द्र मीणा, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, स्कूली विद्यार्थी, जनसामान्य एवं मीडिया प्रतिनिधि गरिमामय रूप से उपस्थित रहे। नक्सल हिंसा के लंबे दौर से बाहर निकलकर विकास और शांति की नई राह पर अग्रसर बीजापुर में मनाया गया यह स्वतंत्रता दिवस जिले के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर रहा। मिनी स्टेडियम में शान से लहराता तिरंगा शांति, विकास और नए बीजापुर के संकल्प का प्रतीक बना।

231 बटालियन सीआरपीएफ ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

231 बटालियन द्वारा 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोउल्लास से मुख्यालय जावंगा गीदम जिला दंतेवाड़ा में मनाया गया।

इस अवसर पर वाहिनी द्वारा 13 अगस्त को तिरंगा बाईक रैली के माध्यम से नागरिकों में देशप्रेम की भावना को और अधिक प्रबल बनाया गया। रैली में नागरिकों तथा छात्रों ने भी बढ़-चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुनील भवर, कमाण्डेन्ट को वाहिनी क्वार्टर गार्ड पर गार्ड द्वारा सलामी दी गई। इसके पश्चात सामूहिक राष्ट्रीय गीत (वन्दे मातरम) गाया गया। इसके उपरांत राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इसके उपरांत सुनील भवर, कमाण्डेंट द्वारा अपना संक्षिप्त संबोधन दिया गया, जिसमें जवानों जिसमें जवानों से देश की एकता व समृद्धि में अपना शत-प्रतिशत योगदान देने का आह्वान किया। सुनील भवर, कमाण्डेंट ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उन अधिकारियों एवं जवानों के नाम पढ़कर सुनाए, जिनको इस वर्ष भारत सरकार द्वारा पदकों से सम्मानित किया गया था, जिसका सभी जवानों

ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। तदुपरान्त सुनील भवर कमाण्डेंट ने सभी जवानों को मिठाई वितरित की एवं उन्हें 80वे स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं गईं।

ध्वजारोहण समारोह के उपरान्त केरिपुबल की प्रचलित परंपरा के अनुसार वाहिनी के सभी अधिनस्थ अधिकारियों द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों को मैस में सादर आमंत्रित किया गया, जहाँ सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी संवाद एवं परिचर्चा सम्पन्न हुई। दिनभर के कार्यक्रमों का समापन सांयकाल आयोजित फुटबॉल मैच तथा रात्रि भोज में बड़ाखाना के साथ हुआ, जिसमें अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वतंत्रता दिवस समारोह में वाहिनी के सतीश कुमार मलिक, द्वितीय कमान अधिकारी, संजय कुमार पूनिया, उप कमाण्डेंट, एम. संतोष सिंह, उप कमाण्डेंट, डॉ. मनमोहन मीणा, चिकित्सा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे।

सतवा संकुल में शान से लहराया तिरंगा

कोशलनार। भैरमगढ़ ब्लॉक का सुदूर इलाका सतवा संकुल के समस्त शैक्षणिक संस्था और आंगनबाड़ी भवन में जश्ने आजादी के मुबारक अवसर पर शान से तिरंगा लहराया। इंद्रावती नदी पार स्थित पामलवाया और एहकेली गाँव जो कभी अतिसंवेदनशील इलाका माना जाता था, वहाँ भी स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। सतवा संकुल के प्राथमिक और आश्रम शालाओं में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर अतिथि और ग्रामीणों का मन मोह लिया। प्राथमिक शाला पांडे मुर्गा में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जयलाल नाग व अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में वार्ड पंच श्रीदेवी और जयती ने ध्वाजारोहण किया। आंगनबाड़ी और स्कूल में पढ़ने वाले नन्हे - मुन्ने बच्चे और ग्रामीणों ने महात्मा गाँधी, चंद्र शेखर आजाद, सरदार पटेल, भगतसिंह, आदि महान स्वतंत्रता सेनानियों का जयघोष करते प्रभात फेरी निकाली। मुख्य समारोह में प्राथमिक शाला पांडे मुर्गा के बालकों ने देशभक्ति गीत नन्हा - मुन्ना राही हुं, देशभक्ति गीत पर शानदार प्रस्तुति दी।

नक्सलमुक्त केरलापेंदा में गूंजी भक्ति, दिखा राष्ट्र-प्रेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कभी नक्सल हिंसा के साए में रहने वाले सुकमा के केरलापेंदा और लखापाल क्षेत्र में अब बदलाव की तस्वीर साफ दिखाई देने लगी है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यहां धार्मिक आस्था, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने बदलते बस्तर की नई तस्वीर पेश की। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, बच्चों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में दक्षिण बस्तर प्रभारी मुन्नाराम नाग, विहिप जिला अध्यक्ष अनिल टावरी, मन्नूराम, संदीप यादव, जगदीश नाग, राम मंदिर पुजारी हेमला, सरपंच भीमसेन, सरपंच देवेंद्र, जनपद सदस्य श्रीमती हिडमे तेलामी एवं जनपद सदस्य श्रीमती आरुषि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों और ग्रामीणों को मिठाई, मिक्सचर एवं वस्त्रों का वितरण किया गया। स्वतंत्रता दिवस की सुबह मंदिर में विशेष भजन-कीर्तन और महाआरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद प्रभु श्रीराम और श्रीहनुमान जी के पावन ध्वज का विधिवत ध्वजारोहण किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण रहा तो दूसरी ओर हाथों में तिरंगा लिए ग्रामीणों ने देशप्रेम का संदेश दिया। इसके बाद करीब 3 किलोमीटर

लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। तेज बारिश भी ग्रामीणों के उत्साह को नहीं रोक सकी। बच्चे, युवा और बुजुर्ग तिरंगा लेकर भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए।

सामाजिक एकता का संदेश जरूरी

विहिप जिला अध्यक्ष अनिल टावरी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीरों को स्मरण करने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने का दिन है। केरलापेंदा और लखापाल में भारी बारिश के बावजूद ग्रामीणों की सहभागिता यह बताती है कि क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ती है, जबकि राष्ट्रभक्ति समाज को एक सूत्र में बांधती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से भक्ति, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाना आवश्यक है।

एनएमडीसी में हुई स्वतंत्रता दौड़

किरंदुल। एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा प्रायोजित किरंदुल के फुटबॉल ग्राउंड में हैदराबाद रनर सोसायटी द्वारा 5के और 10के दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान फुटबॉल ग्राउंड में मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। दौड़ में पंजीकरण इच्छुक प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रबंधन की ओर से टी-शर्ट, मैडल प्रदान किए गए। झुंबा के जरिए सभी रनर्स ने वार्मअप किया। दौड़ का रूट फुटबॉल ग्राउंड से प्रारंभ होकर चिह्नित किए गए नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस फुटबॉल ग्राउंड पर संपन्न हुई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के दौरान हैदराबाद रनर्स सोसायटी के पदाधिकारी, सर्वश्री जेसी दास, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, धीरेन भूषण, महाप्रबंधक खनन, खान प्रबंधक, वी.मधुसूदन, महाप्रबंधक अनुबंध, मो.तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन और परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी व यूनियन पदाधिकारी व मानव संसाधन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानव संसाधन विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

कलेक्टर ने फहराया तिरंगा



दंतेवाड़ा। भारत की आजादी के अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व उन्होंने परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर उन्हें नमन किया। कलेक्टर ने ध्वजारोहण के बाद इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सहित जिला कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसंपर्क कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

दंतेवाड़ा। स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय दंतेवाड़ा में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर उप संचालक रंजीत पुजारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सत्यनारायण नाग, जलंधर गोयल, तोपेश्वर सेठिया, अमित शर्मा, रेणुका सिंह, सविता कराटिया, मुहासी कश्यप, उपस्थित थे।

देशभक्ति के नारों से गूंजा मददेड़

मददेड। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मददेड क्षेत्र देशभक्ति के तरानों और भारत माता के जयकारों से गूंज उठा। पूरे क्षेत्र में 80वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत गरिमामय, अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान शासकीय-गैर शासकीय संस्थानों, शैक्षणिक आश्रमों और पंचायत भवनों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन-बान-शान के साथ फहराया गया। ग्राम पंचायत भवन के समक्ष आयोजित मुख्य ध्वजारोहण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी मौजूदगी रही। इसके साथ ही क्षेत्र के पीएम श्री पोटाकेबिन, सीजेएस, वन परिक्षेत्र कार्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक, माध्यमिक व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, आश्रम शालाओं और छात्रावासों में भी ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। विभिन्न स्थलों पर सरपंच, प्राचार्य, वन परिक्षेत्र अधिकारी, आश्रम अधीक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर उपसरपंच, पंचायत सचिव, पंचगण, शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पोटाकेबिन, आश्रम शालाओं व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और प्रभात फेरी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मसीह समाज ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

नगरनार। ग्राम पंचायत धनपूंजी में मसीह समाज ने 80 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। मुख्य अतिथि के रुप में जनपद सदस्य हेमेश्वरी नाग एवं पंच राजेश्वरी बाघ, रिंकी बेसरा रहे। जनपद सदस्य के करकमलों से तिरंगा फहराया गया एवं स्वतंत्रता के विषय में प्रकाशन डाला गया। इस अवकर पर समाज के अध्यक्ष डीपी थॉमस, उपाध्यक्ष जयो बाघ, कोषाध्यक्ष जयमन चालकी, प्रताप बाघ डुमर, प्रकाश, अनील जॉन, धनसिंग, आशीद एवं समाज के सदस्य उपस्थित रहे तथा भारत माता की जय घोस के साथ सभा को समापन किया गया।

स्वतंत्रता दिवस में दौड़े प्रतिभागी

बचेली। स्वतंत्रता दिवस की भावना को चरितार्थ करते हुए, एनएमडीसी बचेली परिसर में स्थित एनएमडीसी डीएवी पब्लिक स्कूल में हैदराबाद रनर्स सोसाइटी के सहयोग से जोशपूर्ण 'फ्रीडम रन' का आयोजन किया गया। इस दौड़ में 5-किमी और 10-किमी मैराथन श्रेणियां शामिल थीं, जिसमें प्रतिभागियों ने अद्भुत ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ ट्रैक पर दौड़ लगाई। इस कार्यक्रम में श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख, टी. शिवकुमार, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, महेश एस. नायर, महाप्रबंधक मानव संसाधन, विभिन्न विभागों के प्रमुखों, श्रमिक संघों के पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों, ग्रामीणजन, अन्य जिलों से आए धावकों तथा अन्य लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम ने जनसमूह को नियमित शारीरिक गतिविधि अपनाने और फिटनेस को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करने का एक मंच प्रदान किया। प्रतिभागियों द्वारा दिखाया गया उत्साह उनके स्वास्थ्य, कल्याण और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनएमडीसी बचेली के विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा हैदराबाद रनर्स सोसाइटी ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को मेडल से सम्मानित किया गया।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेगानार में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

दरभा। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नेगानार में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रध्वज फहराकर एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमडीसी के अध्यक्ष भोला श्रीवास्तव और ग्राम पंचायत की सरपंच रुक्मणी मौर्य ने की, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भूतपूर्व जनपद सदस्य सोमारी बघेल उपस्थित थी एवं ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में तथा अन्य अतिथियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। तत्पश्चात प्रभात फेरी ग्राम पंचायत नेगानार तक ले जाया गया तथा इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, कविता, भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी गईं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के महत्व, राष्ट्रप्रेम, एकता, अनुशासन एवं अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने तथा राष्ट्रहित में सदैव कार्य करने का संकल्प लिया।

देश की सुरक्षा एकता व अखंडता के लिए हमेशा निष्ठा रखने का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोन्टा

दो सौ सत्रह सीआरपीएफ मुख्यालय कोंटा में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ राजेश पांडे कमांडेंट ने अपने मुख्यालय में ध्वजारोहण कर क्वार्टर गार्ड पर स्पेशल गार्ड से सलामी ली। वहीं राष्ट्रीय ध्वज क्रो स्पेशल गार्ड द्वारा राष्ट्रीय सेल्यूट दिया गया। इस अवसर पर दो सौ सत्रह बटालियन के कमांडेंट विजय शंकर ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल रहे। मुख्यअथिति राजेश पांडे ने बटालियन के व परिचालन रेंज के सभी जवानों अधिकारियों को 80वां स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए, देश के इतिहास और स्वतंत्रता दिवस के महत्त्व क्रो साझा किया साथ ही बल के वीर कार्मिकों के नाम सुनाए । जो अपने विशेष कार्यों में पदक प्राप्त किये। इसके उपरांत उपस्थित सभी कार्मिकों क्रो मिठाई का वितरण किया गया। स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर दो सौ सत्रह बटालियन के कमांडेंट विजय शंकर द्वितीय कमान अधिकारी नीर सिंह उप कमांडेंट विजय कुमार,राजा इलमपारथी,प्रदीप कुमार पाठक सहायक कमांडेंट व्ही. मुर्गनाथन तथा एसएमओ मनदीप सिंह और अधीनस्थ अधिकारी और जवान सम्मिलित हुए ।

219वीं वाहिनी में भी मना स्वतंत्रता दिवस

219वीं वाहिनी के मुख्यालय इंजराम में डीआईजी राजेश पांडे के मार्गदर्शन एवं कमांडेट पार्थ सारथी घोष के निर्देशन में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि कर्मवीर सिंह यादव द्वितीय कमान अधिकारी कमांडेंट एओएल द्वारा सर्वप्रथम ध्वजारोहण के साथ स्पेशल गार्ड द्वारा तिंरगे को राष्ट्रीय सलामी दी गई। जिसमें बटालियन के समस्त अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि ने मौजूद सभी को स्वतंत्रता दिवस की अहमियत से अवगत कराया गया तथा देश की स्वतंत्रता के लिये त्याग व बलिदान देने वाले शहीद वीर सपूतों को याद किया गया। वाहिनी के सभी कार्मिकों को प्रोत्साहित करते हुए तथा इलाके की वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराते हुए बताया कि, हम देश की सुरक्षा, एकता व अखंडता को बनाये रखने हेतु नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हमेशा निष्ठा के साथ तैनात हैं। इसके उपरान्त हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत वाहिनी मुख्यालय में उपस्थित सभी अधिकारी व जवानों ने प्राथमिक-शाला, माध्यमिक-शाला तथा बालक आश्रम के विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया तथा ग्राम-इंजराम में तिरंगा-यात्रा निकालकर आस-पास के ग्रामीणों को इस महोत्सव मे शामिल होने के लिये प्रेरित किया गया।

तीसरे सावन सोमवार पर प्राचीन शिवालय बस्तर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बस्तर। सावन माह के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी के पावन अवसर पर भाटीपारा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से शिवलिंग का जलाभिषेक, दूधाभिषेक और बेलपत्र अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। नाग पंचमी होने के कारण कई भक्तों ने शिवलिंग के साथ-साथ नाग देवता की भी पूजा की और मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। महिला, पुरुष और बच्चे कतारबद्ध होकर दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने कहा कि सावन सोमवार और नाग पंचमी एक साथ पड़ने से इस बार पूजा का महत्व और बढ़ गया है।

■ नाग पंचमी के अवसर पर भक्तों ने किया जलाभिषेक और विशेष पूजा

5 साल से मौखिक आदेश पर सेवा

दिव्यांग कर्मचारी को अब भी लिखित कार्यादेश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

शासकीय सेवा में कार्यरत 60 प्रतिशत दिव्यांग कर्मचारी पिछले करीब पांच वर्षों से लिखित कार्यादेश के इंतजार में हैं। मामला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के

■ गृहमंत्री विजय शर्मा को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

ट्राइबल विभाग से जुड़ा है, जहां दिव्यांग गंगा शोरी की सेवाएं वर्ष 2021 से कथित तौर पर मौखिक आदेश के आधार पर ली जा रही हैं। उनका कहना है कि आज तक उन्हें विभाग की ओर से उनके कार्य से संबंधित कोई लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। गंगा शोरी के अनुसार, 17 सितंबर 2021 को तत्कालीन कलेक्टर के मौखिक निर्देश पर उन्हें बालक छात्रावास बड़े गुडरा में भृत्य के कार्य के लिए लगाया गया था। इसके बाद वर्तमान में वे ट्राइबल विभाग के बालक आश्रम श्यामगिरी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। करीब पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी उनकी पदस्थापना अथवा कार्य संबंधी आदेश लिखित रूप में जारी नहीं किया गया है।

लिखित कार्यादेश की मांग को लेकर गंगा शोरी ने कई बार प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी, लेकिन उनका कहना है कि अब तक उनकी मांग पर गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया गया। इसी मामले को लेकर उन्होंने हाल ही में बस्तर पहुंची तिरंगा यात्रा के दौरान प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या से अवगत कराया।

ज्ञापन में गंगा शोरी ने कहा है कि वे शारीरिक रूप से 60 प्रतिशत दिव्यांग हैं और लंबे समय से विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उनकी सेवाओं की स्थिति स्पष्ट करते हुए उन्हें विधिवत लिखित कार्यादेश प्रदान किया जाए, ताकि उनके कार्य और सेवा संबंधी स्थिति को लेकर किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति न रहे।

60 प्रतिशत दिव्यांग हूं, बार-बार मांग के बावजूद नहीं हुई सुनवाई

नहीं पहुंचा आवेदन

अगर आवेदन विभाग में पूर्व में आया है, तो उसका संज्ञान लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करा आगे कार्यवाही के लिए बढ़ाया जायेगा। पर अभी तक मेरे पास कोई आवेदन पहुँचा नही है।

-राजीव कुमार नाग, सहायक आयुक्त, दंतेवाड़ा

खबर संक्षेप

सामूहिक फॉग नृत्य ने दर्शकों का मोहा मन

जगदलपुर। शहर के लालबाग मैदान में आयोजित भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रशासन के समस्त आला अधिकारी, जनप्रतिनिधि के समक्ष 25 से अधिक विद्यालयों ने देशभक्ति गीतों पर अपनी शानदार प्रस्तुतियों के साथ सहभागिता की। इसी आयोजन में संस्कार द गुरुकुल स्कूल चिड़ईपदर बस्तर के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बस्तर की लोक-संस्कृति, परंपरा और रंगों से सजी छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य उड़ीसा के लोकगीतों पर अपनी शानदार सामूहिक फॉग नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। अपनी अद्भुत प्रस्तुति, शानदार तालमेल, पारंपरिक परिधानों और जोश से भरी प्रस्तुति के दम पर संस्कार द गुरुकुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर पूरे संस्कार गुरुकुल परिवार को गौरवान्वित किया। यह सिर्फ एक पुरस्कार नहीं, बल्कि 100 बच्चों की मेहनत, अनुशासन, टीम भावना, शिक्षकों के समर्पण और संस्कार की सांस्कृतिक सोच की जीत है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के चैयरमेन रतन लाल जैन, डायरेक्टर अमित कुमार जैन, प्राचार्य हेमलता खेड़कर और वॉइस प्रिंसिपल वीरेंद्र भारद्वाज ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं डांस टीचर शुभम सिंह को संयुक्त रूप से हर्ष व्यक्त किया।

मैत्री संघ विद्या निकेतन स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस

जगदलपुर। शहर की बहुप्रतिष्ठित बंगाली संस्था मैत्री संघ द्वारा संचालित मैत्री संघ विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर्ड शाखा प्रबंधक छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक श्रीमती गोपा सरकार एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाय एवं समाजसेवी समीर बल मौजूद रहे। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों को स्कूली शिक्षिकाओं द्वारा बैच लगाकर स्वागत किया गया। जिसके पश्चात आजादी के महोत्सव को अमिट बनाते हुए सभी उपस्थित अतिथियों एवं संस्था पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया, उसके बाद राष्ट्रगान की धुन से पूरा विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के क्रम में मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को स्कूल की शिक्षिकाओं के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद विद्यालयीन छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, स्कूली छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे समां को बांधे रखा। मैत्री संघ विद्या निकेतन स्कूल में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवी, आठवीं, कक्षा दसवीं एवं 12वीं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए छात्र-छात्राओं को विशिष्ट अतिथियों एवं कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों द्वारा मेडल पहनकर, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

तिरंगे की शान में सराबोर हुआ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक परिसर, अध्यक्ष कश्यप ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर का परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। बैंक परिसर में आयोजित गरिमामय समारोह में बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के साथ ही उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के माध्यम से देश के प्रति अपनी निष्ठा एवं सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प भी है। बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने कहा स्वतंत्रता दिवस हमें अपने वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण कराता है। हमें राष्ट्र की एकता और अखंडता को सदैव सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। सहकारिता के माध्यम से किसानों और आमजन की सेवा करते हुए जिले के विकास में निरंतर योगदान देना हमारा संकल्प है। इस अवसर पर बैंक परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया।साथ ही समारोह के दौरान उपस्थित सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करते हुए जनसेवा के संकल्प को दोहराया। पूरे परिसर में देशभक्ति का उत्साह और तिरंगे के प्रति सम्मान का भाव दिखाई दिया। समारोह का समापन राष्ट्रहित एवं जनहित में निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंवर सिंह ध्रुव, अतिरिक्त प्रबंधक एस.ए. रज़ा, पर्यवेक्षक मनोज सिंह, संजय पाण्डे सहित बैंक के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उल्लूर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

भोपालपट्टनम। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उल्लूर में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति, उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कविता कोरम तथा विशिष्ट अतिथि विजय कुमार कोरम, खंड शिक्षा अधिकारी, भोपालपट्टनम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य पी. वेणुगोपाल राव ने की। समारोह में शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही राष्ट्रगान गूंज उठा और सभी ने ध्वज को सलामी दी। पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण छा गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने जोशपूर्ण नारों के साथ वातावरण को और ऊर्जावान बना दिया। तत्पश्चात चारों हाउस के विद्यार्थियों द्वारा मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने सराहा। मार्च-पास्ट के बाद रेड हाउस ऋग्वेद ग्रीन हाउस सामवेद येलो हाउस अथर्ववेद एवं ब्लू हाउस यजुर्वेद के हाउस लीडर्स सहित हेड बॉय हेड गर्ल सीसीए हेड स्पोर्टस हेड को बैज पहनाकर पद की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों की संक्षिप्त जानकारी भी दी गई। इसके पश्चात माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मंच संचालन नीलम साहू एवं विक्टोरिया रानी ने किया। रेड हाउस ने देशभक्ति गीत पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। ब्लू हाउस का नाटक प्रेरणादायक रहा। येलो हाउस की नृत्य प्रस्तुति ने सभी को उत्साहित कर दिया।

स्वतंत्रता दिवस पर शान से लहराया तिरंगा

ब्रह्माकुमारी बहनों ने फहराया तिरंगा

जगदलपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी मंजूषा दीदी ने उपस्थित भाई-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि बाहरी स्वतंत्रता के साथ-साथ आंतरिक स्वतंत्रता भी उतनी ही आवश्यक है। जब आत्मा काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों से मुक्त होती है, तभी सच्चे स्व-राज्य और रामराज्य स्वर्णिम भारत की स्थापना होती है। उन्होंने देश की उन्नति, वैश्विक शांति विश्व कल्याण और आपसी भाईचारे के लिए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

सीसीएसएच में मना आजादी का पर्व

जगदलपुर। शहर के कांटिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (सीसीएसएच) परिसर में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास, गौरव और देशभक्ति के माहौल के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ और डॉ. इलांगो एस रहे, डॉ. सौरभ ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान अस्पताल के सुरक्षा गार्ड्स ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और पूरा परिसर भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान हो उठा। ध्वजारोहण के बाद अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर राष्ट्रगीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी।

कांगेर घाटी उद्यान में फहराया तिरंगा

जगदलपुर। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर सहायक निदेशक कमल तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए भारत के संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आने वाले अन्य कार्यालयों में भी गणतंत्र दिवस का उल्लास देखने को मिला। कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक इस राष्ट्रीय पर्व को मनाया और देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया। सहायक निदेशक ने कहा कि यह दिन न केवल हमारे संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है, बल्कि हमें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। हम सभी एकजुट होकर न केवल अपने देश की प्रगति में, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास में भी योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पेंशनर्स महासंघ कार्यालय में ध्वजारोहण

जगदलपुर। शहर के पावर हाऊस चौक में स्थित भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के कार्यालय के प्रांगण में प्रातः 8.30 बजे संभागीय अध्यक्ष आर एन ताटी ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर पेंशनर साथी एवं मातृ शक्ति मौजूद थे। पहली बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वयं के भवन में तिरंगा फहराने का मौका मिला। इसलिए पेंशनरों में उत्साह देखा गया। राष्ट्र गान के बाद सभा का आयोजन किया गया । सभा में आर एन ताटी एवं रमापति दुबे वरिष्ठ पेंशनर अब्दुल सत्तारखान ने मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान पेंशनर्व दिनेश कुमार सतमन, ऊषा चिखलीकर एवं रेखा सेन ने स्व रचित कविता पाठ किया। सुन्दरा सिम्हा ने देश भक्ति गीत और मुकेश वासनिक ने स्वरचित गीत अनिद्य कुमार बागची ने देश भक्ति गीत गाया। संचालन करमजीत कौर और आभार प्रदर्शन ने किया । कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया ।

एकलव्य कोड़ेनार में विधायक ने फहराया तिरंगा

जगदलपुर। बास्तानार ब्लॉक के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोड़ेनार में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक विनायक गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान के साथ देश की आन, बान और शान का सम्मान किया। ध्वजारोहण के पश्चात विधायक ने विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को 80वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और संघर्ष को स्मरण करने का दिन है, जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से देश के प्रति जिम्मेदारी, अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह के दौरान एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों ने अपनी कला, प्रतिभा और उत्साह के माध्यम से उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय में पिछले वर्ष विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन और सम्मान मिलने से उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है तथा वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं।

जिला न्यायालय परिसर में गरिमापूर्ण वातावरण में मना आजादी का पर्व

जगदलपुर। जिला न्यायालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े, प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत, स्थाई लोक अदालत कु. उदय लक्ष्मी परमार, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थ अग्रवाल, तृतीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जगदीश राम, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) शैलेश अच्युत पटवर्धन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिव प्रकाश त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कु. अंकिता कश्यप, तृतीय सिविल जज सीनियर डिवीजन श्रीमती अदिति ठाकुर शराफ, द्वितीय सिविल जज जूनियर डिवीजन राहुल शराफ, पंचम सिविल जज जूनियर डिवीजन श्रीमती हर्षी अग्रवाल, तृतीय सिविल जज जूनियर डिवीजन कु. नीति, चतुर्थ सिविल जज जूनियर डिवीजन श्रीमती नीहारिका तिवारी, प्रथम सिविल जज जूनियर डिवीजन श्रीमती टेसी पटेल, द्वितीय सिविल जज जूनियर डिवीजन हरीश कुमार सलामे, परिवार न्यायालय प्रशासनिक अधिकारी पीके देवांगन, जिला न्यायालय उपाधीक्षक विक्रम कुमार सोनी, न्यायकि कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष मानसिंह बघेल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विक्रमादित्य झा, न्यायिक कर्मचारी, समस्त अधिवक्ता एवं अन्य उपस्थितजनों ने राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर न्यायालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। न्यायिक कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

राजीव भवन में गरिमामय ढंग से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

80वें स्वतंत्रता दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर गोलबाजार चौंक स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष व राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कांग्रेसजनों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महान राष्ट्रनायकों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कांग्रेसजनों ने देश की लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक परंपराओं को मजबूत बनाए रखने तथा संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक सद्भाव और देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प दोहराया। प्रेमशंकर शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश का वाचन किया। सुशील मौर्य ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले वीर सपूतों को याद करने और उनके सपनों के भारत के निर्माण का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी हमें लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद प्राप्त हुई है। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारे को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए गर्व, सम्मान और आत्ममंथन का अवसर है। देश की आजादी हमें असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से मिली है। आज हम उन सभी वीर सपूतों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण करने का पवित्र अवसर है।

ये रहे उपस्थित

इस दौरान राजकुमार झा,संतोष यादव,उदयनाथ जेम्स,सुरेंद्र झा,हनुमान द्विवेदी,अंगद त्रिपाठी,पूर्व महापौर जतिन जायसवाल,कविता साहू, अतिरिक्त शुक्ला, वीरेंद्र परिहार,अभिषेक नायडू, सुभाष गुलाटी,नीतीश शर्मा, सुषमा सुता,रविशंकर तिवारी, कौशल नागवंशी, लता निषाद,बलराम यादव,सूर्यापानी,निकेत राज झा, रोजविन दास,राजेंद्र पटवा,ललिता राव,एम वेंकट राव,अपर्णा बाजपेई,बालेश दुबे, लखेश्वर कश्यप,विजेन्द्र ठाकुर,चंद्रभान झाड़ी, शादाब अहमद,पार्षद रामकृष्ण तिवारी,अफरोज बेगम,विक्की निषाद,सलीम जाफर अली,मोहसिन खान,माही श्रीवास्तव,कमला भत्तरा मौजूद रहे।

शिव भैरम सेवा समिति में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शिव भैरम सेवा समिति द्वारा आयोजित समारोह देशभक्ति, संस्कृति और सामाजिक सम्मान का संगम रहा। ध्वजारोहण उत्कल समाज के पूर्व अध्यक्ष उमाकांत दास के द्वारा किया गया। बच्चों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी संध्या में शहर के कलाकारों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव रहे। विशिष्ट अतिथियों एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, त्रिवेणी रंधारी एवं कुबेर देवांगन उपस्थित रहे। बच्चों एवं कलाकारों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। साथ ही वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कुमार जयदेव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव भैरम सेवा समिति के असीम दास, मथुरा प्रसाद तिवारी, रमेश पानीग्राही, नरसिंह तिवारी सुरेश दास, आनंद मिश्रा एवं उत्कल समाज के सचिव सुमीत महापात्र का योगदान रहा।

यहां के लोगों से आत्मीय संबंध

मुख्य अतिथि ने स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दी और वार्ड के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध परंपरा और विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शिव भैरव वार्ड और यहां के लोगों से उनके परिवार का संबंध पुराना और आत्मीय रहा है। अपने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि उनका लगाव इस वार्ड के लोगों के साथ सदैव रहा है। वार्ड के लोगों से मिले स्नेह और अपनत्व को उन्होंने अपने परिवार के लिए विशेष बताया। अपने छोटे भाई एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के दिल्ली में दुर्घटना के बाद चल रहे उपचार का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में भी इस वार्ड के लोगों का स्नेह और आशीर्वाद उनके परिवार के साथ बना हुआ है। उन्होंने वार्डवासियों के आत्मीय संबंध और शुभकामनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

महत्वपूर्ण पदों में योगदान रहा

कुमार जयदेव ने शिव भैरव वार्ड की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रियासत काल में इस क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित एवं महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों ने अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने राजगुरु, राजपुरोहित, राजवैद्य, राजज्योतिषी, दीवान एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर रहे लोगों के योगदान को स्मरण किया और कहा कि इन विभूतियों की भूमिका क्षेत्र के इतिहास और सामाजिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण रही है।उन्होंने कहा कि शिव भैरव वार्ड केवल एक स्थान नहीं, बल्कि इतिहास, परंपरा, संस्कृति और समृद्ध विरासत को अपने भीतर संजोए हुए क्षेत्र है। यहां के लोगों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है और इस गौरवशाली विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है।

शिक्षा के साथ संस्कार के लिए विद्यालय की अलग पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- महापुरूषों के त्याग और बलिदान के कारण मिली आजादी : राणा
- बच्चों ने दी गीत संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति
- सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली एवं श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय ने सम्मिलित रूप से मनाया स्वतंत्रता का पर्व

शहर के सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली एवं श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपस्थित अतिथियों, आचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देकर देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिभूमि के ब्यूरो चीफ सुरेश रावल रहे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिंह राणा, व्यवस्थापक डॉ. प्रतीक लागू, बी.एड. कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. कामना वर्मा तथा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती भारती देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों एवं राष्ट्रनिर्माताओं के योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य अतिथि सुरेश रावल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का भी बोध कराती है। उन्होंने विद्यार्थियों से महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षा के साथ संस्कार के लिए अलग पहचान है। संस्था के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिंह राणा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं संस्कारों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। व्यवस्थापक डॉ. प्रतीक लागू, प्रभारी प्राचार्य डॉ. कामना वर्मा एवं प्राचार्य श्रीमती भारती देवांगन ने भी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक , आचार्यगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगीत एवं भारत माता के जयघोष के साथ हुआ। संयुक्त रूप से आयोजित इस स्वतंत्रता दिवस समारोह ने विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक मजबूत किया।

वन एवं वन्य प्राणी की रक्षा के लिए जीवन्त प्रस्तुति

देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रमों के बीच नन्हें बच्चों ने वन और वन्य प्राणियों की रक्षा के लिए संदेशपरक नाटक की जीवन्त प्रस्तुति देकर दर्शकों को काफी प्रभावित किया। विभिन्न प्रजाति के पेडों के पत्तियों को लेकर और वन्य प्राणियों बंदर भालू चीता शेर आदि का रूप धारण कर प्रस्तुति देने के दौरान कुछ लोग पहुंचते है और पेडों की कटाई कर वन्य प्राणियों को मार डालते है। इस तरह वन विनाश का संदेश देकर बच्चों ने वर्तमान समय में वन और वन्य प्राणी की रक्षा और उन्हें सुरक्षित रखने का संदेश दिया। जिसे सभी ने सराहा।